File No.1-10002(003)/1/2023- -10-

संख्या-1132/एक-10-2023

प्रेषक,

राम केवल,

विशेष सचिव,

उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी,

उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण,

लखनऊ ।

राजस्व अनुभाग-10 लखनऊ दिनांक 01/08/2023

विषय-वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य आपदा मोचक निधि/राष्ट्रीय आपदा मोचक निधि से विभिन्न आपदाओं से व्यय हेतु भारत सरकार के पत्र दिनांक 10 अक्टूबर, 2022 द्वारा निर्गत गाइड लाइन की बुकलेट मुद्रित कराए जाने हेतु धनराशि आवंटित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक राजस्व अनुभाग-11 के पत्र संख्या-1/347339/2023 दिनांक 11.07.2023 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा राज्य आपदा मोचक निधि/राष्ट्रीय आपदा मोचक निधि से विभिन्न आपदाओं से व्यय हेतु भारत सरकार के पत्र दिनांक 10 अक्टूबर, 2022 द्वारा निर्गत गाइड लाइन की बुकलेट मुद्रित कराए जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 में रू0 28.55 लाख की धनराशि आवंटित किये जाने किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्य आपदा मोचक निधि/राष्ट्रीय आपदा मोचक निधि से विभिन्न आपदाओं से व्यय हेतु भारत सरकार के पत्र दिनांक 10 अक्टूबर, 2022 द्वारा निर्गत गाइड लाइन की बुकलेट मुद्रित कराए जाने हेतु रू0 28.55 लाख (रूपये अट्ठाइस लाख पचपन हजार मात्र) की धनराशि सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को भुगतान किये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य आपदा मोचक निधि से निम्नलिखित विवरण तथा शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, लखनऊ, उ0प्र0 के निवर्तन पर रखने की श्री राज्यपाल महोदय

सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(1) जिस मद में शासन द्वारा धनराशि स्वीकृत की जा रही है उसी मद में इस धनराशि का उपयोग किया जायेगा। अन्य किसी भी मद/विभागीय कार्य हेतु धनराशि का व्यय कदापि न किया जाय।

(2) समस्त धनराशि का उपभोग दिनांक 31.03.2024 से पूर्व कर लिया जायेगा। यदि धनराशि अवशेष बचती है, तो नियमानुसार दिनांक 31.03.2024 के पूर्व समर्पित कर दी जायेगी।

(3) उक्त स्वीकृत धनराशि के उपभोग/समर्पण के संबंध में शासनादेश सं0-2/1-11-2013-रा0-11, दिनांक 04.03.2013 का अनुपालन किया जायेगा।

(4) उक्त धनराशि का उपभोग प्रमाण-पत्र वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड-5 भाग-1 के प्रस्तर-369-एच के अधीन निर्धारित प्रारूप सं0-42 आई में शासन को उपलब्ध कराया जाये।

(5) व्यय की गयी धनराशि महालेखाकार कार्यालय में सही मदों में पुस्तांकन कराया जाये और प्रत्येक माह में महालेखाकार कार्यालय से आंकड़े समाधानित एवं सत्यापित कराकर शासन को सूचित किया जाये।

2- उक्त व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक के अनुदान सं0-51 के अंतर्गत लेखाशीर्षक "2245-प्राकृतिक विपत्ति के कारण राहत-05-स्टेट डिजास्टर रेस्पांस फण्ड-800-अन्य व्यय-06-स्टेट डिजास्टर रेस्पांस फण्ड से व्यय-0611-स्टेट डिजास्टर रेस्पांस फण्ड से सामान्य व्यय-42-अन्य व्यय" के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक 27 मार्च, 2023 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहें हैं।

भवदीय,

Signed by राम केवल
Date: 01-08-2023 18:33:38
Reason: Approved
(राम केवल)
विशेष सचिव।

**संख्या-1132 (1) /एक-10-2023, तद्दिनांक।**

प्रतिलिपि - निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार प्रथम, आडिट प्रथम, उ0प्र0 प्रयागराज।
2. विशेष सचिव/नोडल अधिकारी बजट आवंटन (ई-बजट), राजस्व विभाग, उ0प्र0।
3. वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी, कार्यालय राहत आयुक्त संगठन, उ0प्र0।
4. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।

5. वित्त(व्यय नियंत्रण)अनुभाग-5 ।
6. राजस्व अनुभाग-11, उ0प्र0 शासन।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी)
अनु सचिव।

# Allotment Grid Report

**वित्तीय वर्ष:-2023-2024**
**आवंटन दिनांक-03/08/2023**

**प्रेषण संख्या:-** 1132
**आवंटन आदेश संख्या:-** 001-1132
**अनुदान संख्या:-** 51 राजस्व विभाग (दैवी विपत्तियों के सम्बन्ध में राहत)(वित्तीय वर्ष 2023-2024 का आवंटन)
**लेखाशीर्षक:-** 2245 - प्राकृतिक विपत्ति के कारण राहत(आयोजनेत्तर-मतदेय)
05 - स्टेट डिजास्टर रेस्पान्स फण्ड
800 - अन्य व्यय
06 - स्टेट डिजास्टर रेस्पान्स फण्ड से व्यय
11 - स्टेट डिजास्टर रिस्पांश फण्ड से सामान्य व्यय

**(धनराशि रु. में)**

| S.No. | अधिकारी/जनपद का नाम | | 42-अन्य व्यय | योग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जवाहर भवन, लखनऊ-6019-up state disaster management authority , lucknow-01-a | वर्तमान<br>प्रगामी | 2855000<br>194484670 | 2855000<br>194484670 |
| | योग | वर्तमान<br>प्रगामी | 2855000<br>194484670 | 2855000<br>194484670 |

**महायोग-** (वर्तमान आवंटन):- रूपया अठाईस लाख पचपन हजार
**महायोग-** (प्रगामी आवंटन):- रूपया उनीस करोड़ चौवालीस लाख चौरासी हजार छ: सौ सत्तर

(अखिलेश प्रताप सिंह)
**वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी**

Digitally signed by akhilesh pratap singh
Reason: Allotment Completed
Location:Uttar Pradesh
Date:2023.08.03 03:44:35 +05:30